# उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग
# सामान्य अध्ययन
## प्रारम्भिक परीक्षा-2016 ( द्वितीय प्रश्न-पत्र )

**समय : 2 घंटे** **अधिकतम अंक : 200**

1. यह अनुभव करने की अयोग्यता कि समस्या का समाधान किसी परिचित वस्तु का असाधारण तरीके से उपयोग द्वारा हो सकता है-
(a) प्रकार्यात्मक स्थिरता के कारण
(b) नियमबद्ध उपागम के कारण
(c) नियामक रचनातन्त्र के कारण
(d) सीमित क्षमता के कारण

2. चार बच्चे एक पंक्ति में बैठे हैं। A, B के बगल वाली सीट पर बैठा है, लेकिन C के बगल में नहीं। यदि C, D के बगल में नहीं बैठा है, तो D के अगल-बगल की सीट पर कौन बैठा है?
(a) B (b) A
(c) C (d) बताना असम्भव

3. बस पर चढ़ते समय कोई व्यक्ति अचानक आप पर चिल्लाने लगता है। आप
(a) भी उस पर वैसे ही चिल्लाएंगे।
(b) कण्डक्टर से उसे शान्त करने के लिए करेंगे।
(c) चिल्लाने का कारण जानकर मामले को शान्त करेंगे।
(d) उस पर क्रोध करेंगे और उसे शान्त करेंगे।

4. आप अपनी बीमार माताजी के लिए दवा लेने जा रहे हैं। कुछ दूर जाने के बाद किसी तेज वाहन से कुचल गए बच्चे को आप देखते हैं, जिसका चालक भागने की कोशिश कर रहा है। आप क्या करेंगे? आप
(a) तत्काल घायल बच्चे को पास के अस्पताल में ले जायेंगे।
(b) वाहन चालक को पकड़ने की कोशिश करेंगे।
(c) पुलिस को घटना के बारे में सूचित करेंगे।
(d) घायल बालक के माता-पिता को सूचित करेंगे।

5. निम्नलिखित में से कौन-सी संज्ञानात्मक प्रक्रिया उस समय घटित होती है, जब व्यक्ति अचानक साहित्यिक, वैज्ञानिक अथवा व्यावहारिक समस्याओं के विभिन्न सम्भावित समाधानों पर स्वतंत्र रूप से विचार करता है?
(a) स्वत: शोध चिंतन (b) सृजनात्मक चिंतन
(c) अभिसारी चिंतन (d) अपसारी चिंतन

6. समस्या समाधान का एक ऐसा नियम अथवा प्रक्रिया जिसका यदि क्रमश: अनुसरण किया जाए तो यह सुनिश्चित कर देता है कि सही समाधान मिल जाएगा, कहलाता है-
(a) मानसिक वृत्ति (b) प्रयास एवं त्रुटि
(c) कलन-विधि (d) अंतर्दृष्टि

7. अपना अधीनस्थ छुट्टी चाहता है, पर उसकी अनुपस्थिति में आपके कार्यालय का काम प्रभावित होगा क्योंकि वह उस काम के लिए मुख्य व्यक्ति है। आपको चाहिये कि
(a) उसके मामले को अपने उच्च वरिष्ठ को संदर्भित कर दें।
(b) छुट्टी मंजूर कर दें।
(c) दूसरे व्यक्ति को उसका काम करने को कहें।
(d) उससे मिलें, छुट्टी के कारण के बारे में चर्चा करें और उसकी उपस्थिति की आवश्यकता के लिए उसे मनाने का प्रयास करें।

8. निर्णयन के बारे में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
1. यह कार्यवाही को निर्धारित करने का काम है।
2. इसका अर्थ है विभिन्न विकल्पों में से एक विकल्प को चुनना।
3. यह नीति-निर्माण का पर्यायवाची है।
कूट-
(a) 1, 2 और 3 (b) 1 और 3
(c) 1 तथा 3 (d) केवल 1

9. किसी क्रिकेट मैच में गोपाल सीट 253 पर बैठता है। रीना गोपाल की दाईं ओर सीट 254 पर बैठी है। गोपाल के बाएँ रमन बैठा है। इषिता रमन के बाएँ बैठी है। इषिता किस सीट पर बैठी है?
(a) 255 (b) 256
(c) 251 (d) 252

10. अनन्या और कृष्णा अंग्रेजी बोल और समझ सकते हैं। बुलबुल अर्चना की तरह ही हिन्दी बोल और लिख सकती है। अर्चना अनन्या के बंगला में भी बात करती है। कृष्णा बंगला नहीं समझ सकती। बुलबुल अनन्या से हिन्दी में बात करती है। कौन अंग्रेजी, हिन्दी और बंगला बोल व समझ सकता है?
(a) अर्चना (b) बुलबुल
(c) अनन्या (d) कृष्णा

11. यदि किसी वर्ष में 25 मई को रविवार है, तो उस वर्ष 25 दिसम्बर को कौन-सा दिन होगा?
(a) शनिवार (b) शुक्रवार
(c) बृहस्पतिवार (d) रविवार

**Insturctions for Question Nos. 12-16**

Read the following passage carefully and answaer the questions. Choose the correct answer from the alternatives based only on the passage given.

Read not to contradict and confute, nor to believe and take for granted, nor to find talk and discourse, but to weigh and consider. Some books are to be tasted, others to be swallowed, and some few to be chewed and digested that is, some books are to be read only in parts, others to be read, but not curiously; and some few to be read wholly and with diligence and attention. Some books may also be read by deputy, and extracts made of them by others; but that would be only in the less important arguments and the meaner sort of books; else distilled books are like common distilled waters, flashy things. Reading maketh a full man, conference a reading man, and writing an exact man. And therefor if a man writes little, he had need have a good memory; if he confers little, he had need have much cunning to seem to know that he doth not.

12. Histories make men wise, poets witty, the mathematics subtle, natural philosophy deep, moral, grave, logic and rhetoric able to contend.
If a man reads very little, what must he pretend?
(a) He must pretend to have a good memory.
(b) He must pretend to have a lot of intelligence.
(c) He must pretend to know a lot.
(d) He must pretend to be witty.

13. What is meant by conference?
(a) A meeting where conversation is important.
(b) A gathering of people
(c) A get together.
(d) A group of people assembled to hear a speaker.

14. What does some books are to be tasted mean?
(a) To be read with diligence and attention.
(b) To be read but not curiously.
(c) To be read just for fun.
(d) To be read only in parts.

15. How must we approach the 'meaner' sort of books?
(a) They are to be read by deputy and extracts made of them by others.
(b) They are to be read but not to contradict and confute.
(c) The are to be read but only in parts.
(d) They are to be read but not curiously.

16. What should be the real object of reading?
(a) Not to contradict and confute
(b) To weigh and consider
(c) To distil the contents
(d) To understand the author's point of view

17. Fill in the blank in the given sentence by choosing the correct option-
Please do not forget to submit your application ……………….. time.
(a) by (b) of
(c) in (d) with

18. Which one of the following alternative gives the meaning of the given idiom/phrase?
Snake in the grass
(a) Cowardly and brutal
(b) An unreliable person
(c) A hidden enemy
(d) Low and mean

19. Which of the following is correctly punctuated?
Rama received a fountain pen hari a watch
(a) Rama received a fountain pen, Hari a watch.
(b) Rama received a fountain pen; Hari a watch.
(c) Rama received a fountain pen' Hari, a watch
(d) Rama received a fountain pen; Hari, a watch

20. Change the sentence into passive voice :
All his friends laughed at him.
(a) He laughed at all his friends.
(b) He laughs at all his friends.
(c) He is laughed at by all his friends.
(d) He was laughed at by all his friends.

21. Which of the following is wrongly spelt?
(a) Decieve (b) Believe
(c) Relieve (d) Belief

22. "Absence of knowledge" stands for
(a) Nescience (b) Insipient
(c) Presence (d) Omniscience

23. Choose the word opposite in meaning for CHEAP.
(a) Mean (b) Expensive
(c) Expanive (d) Ordinary

24. Transform the following sentence :
Your are as big a fool as a donkey.
(a) A donkey is not as foolish as you.
(b) A donkey is not as big a fool as you.
(c) A donkey is not more foolish as you.
(d) A donkey is not a bigger fool than you.

25. Change the given sentence into indirect speech.
(a) Radha said "I am well".
(b) Radha said that she is well.
(c) Radha said that she was well.
(d) Radha said that she should be well.

26. Indentify the part of speech of the underlined word:
It will be five years before we meet again.
(a) Preposition (b) Adverb
(c) Conjuction (d) Adjective

**निर्देश : प्रश्न संख्या 27 से 31 के लिए-**

निम्नलिखित गद्यांश को ध्यान से पढ़िये तथा प्रश्न संख्या 27 से 31 के उत्तर इस गद्यांश के आधार पर ही दीजिये।

प्रत्येक राष्ट्राभिमानी के हृदय में अपने देश, अपने देश की संस्कृति तथा भाषा के प्रति प्रेम और अभियान सहज ही होता है। वह अपने राष्ट्र, अपनी जन्मभूमि और राष्ट्रभाषा के लिए प्राणों का उत्सर्ग करने को सदैव तत्पर रहता है। जिस देश के निवासियों के हृदय में उत्सर्ग भावना नहीं होती वह राष्ट्र, पराधीन होकर अपनी सुख-शांति और समृद्धि सदा के लिए खो बैठता है। देशभक्ति और सार्वजनिक हित के बिना राष्ट्रीय महत्ता का अस्तित्व ही नहीं रह सकता। यह भावना उसे इस बात का प्रयत्न करने को प्रेरित करती है कि वह अन्याय से दुर्बलों की रक्षा कर अनौचित्य का निवारण करें, धर्म पर स्थिर रहे और न्याय के लिए लड़े। समाज को हानि पहुँचाकर अनुचित लाभ उठाना एकदम अस्वीकार कर दें, अपने समाज के प्रति कर्त्तव्य से मुख मोड़कर उसे धोखा न दे।

27. गद्यांश में किस शब्द का प्रयोग नहीं है?
(a) उत्सर्ग (b) अधर्म
(c) भक्ति (d) हानि

28. पराधीन राष्ट्र खो बैठता है-
(a) अपनी समृद्धि (b) अपनी भाषा
(c) अपनी उत्सर्ग भावना (d) अपनी न्याय-चेतना

29. गद्यांश का सही शीर्षक है-
(a) राष्ट्रीय महत्व (b) राष्ट्राभिमान
(c) राष्ट्र के प्रति कर्त्तव्य (d) राष्ट्र की सुख-शान्ति

30. प्रत्येक राष्ट्राभिमानी के हृदय में अभिमान होता है-
(a) देश की समृद्धि के लिए।
(b) देश की सुख-शांति के लिए।
(c) देश की भाषा के लिए।
(d) देश की महत्ता के लिए।

31. देशभक्ति प्रेरित करती है-
(a) अनौचित्य का निवारण करने के लिए।
(b) अन्याय हेतु लड़ने के लिए।
(c) अनुचित लाभ हेतु लड़ने के लिए।
(d) पराधीनता के लिए युद्ध करने हेतु।

32. 'एषणा' का अर्थ है-
(a) घृणा (b) अनिच्छा
(c) अभिलाषा (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

33. अधोलिखित में से कौन-सा युग्म विशेषण नहीं है?
(a) छोटा-बड़ा (b) हरा-पीला
(c) दो-तीन (d) राम-लक्ष्मण

34. अधोलिखित में से कौन-सा शब्द तत्सम नहीं है?
(a) तस्कर (b) ध्यान
(c) बोध (d) हाथ

35. 'अनिवार्य' का विपरीतार्थक शब्द है-
(a) निवारणीय (b) ऐच्छिक
(c) अनावश्यक (d) आवश्यक

36. 'प्रतिकूल' का विलोम शब्द है-
(a) समान (b) प्रतिदर्श
(c) अनुकूल (d) अनुसार

37. "अपनी ढपली अपना राग" का अर्थ है-
(a) बंदर-बाँट करना (b) संगठन का अभाव
(c) अपना गीत गाना (d) इनमें से कोई नहीं

38. अधोलिखित में से शुद्ध वर्तनी वाला शब्द है-
(a) रचयिता (b) अनुग्रहीत
(c) अहार (d) सृष्टा

39. दैवज्ञ का अर्थ है-
(a) देवता (b) ज्योतिषी
(c) किन्नर (d) गंधर्व

40. 'चिरंतन' का सही विलोम शब्द है-
(a) नश्वर (b) अचिंतन
(c) अचर (d) अचेतन

41. 'उच्छिष्ट' का शुद्ध संधि-विच्छेद है-
(a) उत + शिष्ट (b) उत् + शिष्ट
(c) उत + सिष्ट (d) उ + च्छिष्ट

42. अधोलिखित किस वाक्य में अकर्मक क्रिया है?
(a) मैं पुस्तक पढ़ता हूँ।
(b) ये चीजें तुम्हारा जी ललचाती हैं।
(c) श्याम सोता है।
(d) वह अपना सिर खुजलाता है।

43. आग का पर्यायवाची शब्द नहीं है-
(a) अनल (b) पावक
(c) व्योम (d) कृशानु

44. निम्नलिखित वाक्यों में से किसमें प्रेरणार्थक क्रिया का प्रयोग नहीं है?
(a) पिता उसे पढ़ाते हैं।
(b) राम नहीं पढ़ता।
(c) वे अध्यापक से पढ़वाते हैं।
(d) अध्यापक परिश्रम कराते हैं।

45. निम्नलिखित में से कौन वर्ण अन्त:स्थ नहीं है?
(a) य (b) ह
(c) र (d) व

46. सप्तर्षि में समास है-
(a) कर्मधारय (b) तत्पुरूष
(c) द्वंद्व (d) द्विगु

47. मौखिक सम्प्रेषण में सबसे महत्वपूर्ण बाधा है-
(a) खराब श्रवण (b) विनम्रता
(c) रूचि (d) एकाग्रता

48. मौखिक सम्प्रेषण की प्रभावशीलता वक्ता की योग्यता पर निर्भर करती है।
(a) सरल भाषा प्रयोग की
(b) लम्बे वाक्य प्रयोग की
(c) विदेशी शब्द प्रयोग की
(d) जटिल शब्द प्रयोग की

49. अपने सहयोगियों एवं अधीनस्थों के बीच संवाद स्थापित करने का सर्वोत्तम विकल्प है-
(a) आवश्यकतानुसार औपचारिक संवाद
(b) स्पष्ट तथा ध्यानपूर्वक संवाद
(c) आनैपचारिक अन्त: संचार
(d) प्रत्येक व्यक्ति को गम्भीरता से समझना

50. अपना एक वरिष्ठ अधिकारी आपको पसंद नहीं करता। इससे आपका कार्य प्रभावित होता है। आप इस स्थिति में किस प्रकार संभालेंगे?
(a) उससे उच्चतर अधिकारी से शिकायत करके।
(b) निजी तौर पर एक एकान्त में उससे बात करके।
(c) उसकी अनदेखी करके अपने कार्य पर ध्यान देकर।
(d) नौकरी से त्याग-पत्र देकर।

51. अधोलिखित में से किस प्रकार के सम्प्रेषण में नेतृत्व भूमिकाओं की उत्पत्ति सर्वप्रथम होती है?
(a) अन्त:वैयक्तिक सम्प्रेषण
(b) लघु समूह सम्प्रेषण
(c) द्विकीय सम्प्रेषण
(d) आभासी यथार्थ सम्प्रेषण

52. टेलिफोन द्वारा सम्प्रेषण उदाहरण है-
(a) रेखीय सम्प्रेषण का (b) अरेखीय सम्प्रेषण का
(c) यांत्रिक सम्प्रेषण का (d) वर्तुल सम्प्रेषण का

53. मौखिक सम्प्रेषण में अधिक महत्वपूर्ण होता है कि
(a) आप क्या कहते हैं?
(b) आप इसे कैसे कहते हैं?
(c) आप इसे कहाँ कहते हैं?
(d) आप इसे कब कहते हैं?

54. संचार का वह साधन जो बहुत सारे आदाताओं को एक स्रोत से एक साथ सूचना प्रसारित करता है, कहलाता है-
(a) अन्त:समूह सम्प्रेषण
(b) जन सम्प्रेषण
(c) अन्त:वैयक्तिक सम्प्रेषण
(d) अन्तर्वैयक्तिक सम्प्रेषण

55. कक्षा में सम्प्रेषण को सामान्यतया समझा जाता है-
(a) प्रभावी (b) संज्ञानात्मक
(c) भावात्मक (d) चयनात्मक

56. एक वर्तुल सम्प्रेषण में संकूटक कूटभंजक हो जाता है, जब वहाँ होता है
(a) शोर (b) श्रोत समूह
(c) आलोचनात्मकता (d) अवरोध

57. अधोलिखित में से तीन किसी तरह समान हैं तथा एक समूह का निर्माण करते हैं। सर्वथा भिन्न को बताइये।
(a) पक्षी (b) कीड़ा
(c) हवाई-जहाज (d) पतंग

58- EAML अक्षरों से कितने सार्थक शब्द निर्मित हो सकते हैं?
(a) 1 (b) 3
(c) 4 (d) 2

59. सर्वथा भिन्न को बताइये।
(a) ग्राम (b) लीटर
(c) टन (d) क्विण्टल

60. सर्वथा भिन्न को बताइये।
(a) टमाटर (b) प्याज
(c) भिण्डी (d) मिर्च

61. कोई अधिकारी मीटिंग के दौरान अपनी लेखनी मेज पर पटक कर, प्रगट करता है उसके/उसकी
(a) क्रोध को (b) थकावट को
(c) अरूचि को (d) अलझन को

62. किसी व्यक्ति में दूसरों के साथ काम करने का सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण अन्तर्वैयक्ति कौशल है-
(a) उपलब्धता (b) संस्थिति
(c) शक्ति (d) योग्यता

63. अपने सहकर्मियों के साथ वार्तालाप के दौरान साधारणतया आप
(a) गम्भीर रहते हैं।
(b) मुस्कराते रहते हैं।
(c) उनके विचारों के समर्थन में मुस्कराते हैं।
(d) सही समय पर मुस्कराते हैं।

**निर्देश :** (प्रश्न 64 से 70 के लिए) कथनों एवं निष्कर्षो/अनुमानों पर विचार कीजिए और उनके नीचे दिए कूटों के अनुसार उत्तर दीजिये।

64. कथन :
1. कुछ पक्षी हाथी होते हैं।
2. कुछ हाथी सफेद होते हैं।
अनुमान :
A. कुछ पक्षी सफेद होते हैं।
B. कुछ सफेद पक्षी होते हैं।
कूट
(a) केवल अनुमान A निकलता है।
(b) केवल अनुमान B निकलता है।
(c) अनुमान A तथा B दोनों निकलते हैं।
(d) न तो अनुमान A और न B निकलता है।

65. कथन :
1. कोई बल्ला गेंद नहीं है।
2. कोई गेंद विकेट नहीं है।
अनुमान :
A. कोई बल्ला विकेट नहीं है।
B. सभी विकेट बल्ले हैं।
कूट
(a) केवल अनुमान A निकलता है।
(b) केवल अनुमान B निकलता है।
(c) दोनों अनुमान A तथा B निकलते हैं।
(d) न तो अनुमान A और न B निकलता है।

66. कथन :
1. सभी मछलियाँ कछुए हैं।
2. कोई कछुआ घड़ियाल नहीं है।
अनुमान :
A. कोई घड़ियाल मछली नहीं है।
B. कोई मछली घड़ियाल नहीं है।
कूट
(a) केवल अनुमान A निकलता है।
(b) केवल अनुमान B निकलता है।
(c) दोनों अनुमान A तथा B निकलते हैं।
(d) न तो अनुमान A और न B निकलता है।

67. कथन :
1. सभी खिलाड़ी धूम्रपान करते हैं।
2. कुछ धूम्रपान करने वाले शराब के आदी होते हैं।
अनुमान :
A. सभी धूम्रपान करने वाले खिलाड़ी होते हैं।
B. कुछ शराब के आदी धूम्रपान करते हैं।
कूट
(a) केवल अनुमान A निकलता है।
(b) केवल अनुमन B निकलता है।
(c) दोनों अनुमान A तथा B निकलते हैं।
(d) न तो अनुमान A और न B निकलता है।

68. कथन :
1. ऐल्कोहॉल वाले पेय स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हैं।
2. सभी बूढ़ी औरतें ह्विस्की पीती हैं।
अनुमान :
A. सभी बूढ़ी औरतों का स्वास्थ्य खराब रहता है।
B. सभी युवा औरतों का स्वास्थ्य अच्छा रहता है।
कूट
(a) केवल अनुमान A निकलता है।
(b) केवल अनुमान B निकलता है।
(c) दोनों अनुमान A तथा B निकलते हैं।
(d) न तो अनुमान A और न B निकलता है।

69. कथन :
1. सभी स्नातक कुर्सियाँ हैं।
2. सभी कुर्सियाँ मेज हैं।
अनुमान :
A. सभी स्नातक मेज हैं।
B. सभी मेजें स्नातक हैं।
कूट
(a) केवल अनुमान A निकलता है।
(b) केवल अनुमन B निकलता है।
(c) दोनों अनुमान A तथा B निकलते हैं।
(d) न तो अनुमान A और न B निकलता है।

70. कथन :
1. प्रत्येक मंत्री विद्यार्थी होता है।
2. प्रत्येक विद्यार्थी अनुभवहीन होता है।
अनुमान :
A. प्रत्येक मंत्री अनुभवहीन होता है।
B. कुछ अनुभवहीन विद्यार्थी होते हैं।
कूट
(a) केवल अनुमान A निकलता है।
(b) केवल अनुमन B निकलता है।
(c) दोनों अनुमान A तथा B निकलते हैं।
(d) न तो अनुमान A और न B निकलता है।

71. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-
A. सभी कलाकार सनकी होते हैं।
B. कुछ कलाकार औषध व्यसनी होते हैं।
C. कुण्ठाग्रस्त व्यक्तियों के औषध व्यसनी होने की सम्भावना रहती है।
उपर्युक्त तीन कथनों के आधार पर यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि
(a) कलाकार कुण्ठाग्रस्त होते हैं।
(b) सभी कुण्ठाग्रस्त लोग औषध व्यसनी होते हैं।
(c) कुछ औषध व्यसनी सनकी होते हैं।
(d) सनकी लोग प्रायः कुण्ठाग्रस्त होते हैं।

72. A, D से नाटा है परन्तु C से लम्बा है। D, B से नाटा है परन्तु A से लम्बा है। E, A से नाटा है परन्तु C से लम्बा है। दो सबसे लम्बे हैं-
(a) E और A (b) E और B
(c) B और D (d) C और B

73. अधोलिखित श्रृंखला में अगली कौन-सी संख्या आएगी?
3 8 5 7 8 5 12
(a) 2 (b) 3
(c) 4 (d) 1

74. यदि DELHI का कूट HIPLM हो, तो QEHVEW कूट है-
(a) MUMBAI का (b) MADRAS का
(c) NAGPUR का (d) JAIPUR का


75. यदि 5 बच्चे 5 पृष्ठ 5 मिनट में लिख सकते हैं, तो 3 बच्चे 3 पृष्ठ लिखेंगे-
(a) 1 मिनट में (b) 3 मिनट में
(c) 5 मिनट में (d) 9 मिनट में

76. 25 अंग्रेजी के वर्ण नीचे लिखे गए हैं-

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| V | C | F | U | M |
| P | O | X | S | H |
| J | Z | A | I | E |
| B | L | D | K | Q |
| N | W | G | T | Y |

यदि इन सभी को वर्ण के क्रम के अनुसार व्यवस्थित किया जाए, तो किस अक्षर का स्थान नहीं बदलेगा?
(a) U का (b) W का
(c) X का (d) Y का

77. आकृति में सरल रेखाओं की संख्या है-



(a) 10 (b) 11
(c) 12 (d) 13

78. अधोलिखित सारणी में लुप्त संख्या है-

| | | |
|---|---|---|
| 5 | 17 | 9 |
| 3 | 21 | 7 |
| 7 | 16 | 8 |
| 6 | 10 | ? |

(a) 10 (b) 12
(c) 15 (d) 16

79. अधोलिखित सारणी में लुप्त संख्या है-

| | | |
|---|---|---|
| 2 | 3 | 5 |
| 17 | 12 | 8 |
| 21 | ? | 38 |

(a) 25 (b) 27
(c) 32 (d) 30

80. A और B हॉकी और फुटबॉल खेलते हैं, B और C क्रिकेट और फुटबॉल खेलते हैं, C और E क्रिकेट और वालीबॉल खेलते हैं। D और E टेनिस खेलते हैं, A और C वालीबॉल खेलते हैं; A और D हॉकी और फुटबॉल खेलते हैं। कौन हॉकी, फुटबाल और टेनिस तीनों खेलता है?

(a) A (b) B
(c) C (d) D

81. यदि एक संख्या, उसका 50% और उसी संख्या के 25% का औसत 280 है, तो संख्या है-

(a) 280 (b) 480
(c) 360 (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

82. कृष्णा अपने घर से 1 किमी पूर्व की ओर चला, पुन: 1 किमी उत्तर तथा पुन: 2 किमी पूर्व, 3 किमी दक्षिण और 3 किमी पश्चिम की ओर गया। उसे अपने घर पहुँचने के लिए किस दिशा में कितना चलना चहिये?

(a) 1 किमी. उत्तर (b) 1 किमी. दक्षिण
(c) 2 किमी. दक्षिण (d) 2 किमी. उत्तर

83. यदि
30 + 40 = 1520
36 + 28 = 1814
40 + 20 = 2010,
तो 50 + 22 = ?

(a) 1125 (b) 1126
(c) 2511 (d) 2250

84. अधोलिखित को सार्थक रूप में व्यवस्थित कीजिए-
1. योजना बनाना
2. दुहराना
3. प्रकाशित करना
4. सोचना
5. लिखना

कूट-
(a) 5, 4, 3, 2, 1 (b) 1, 2, 3, 4, 5
(c) 4, 1, 5, 2, 3 (d) 4, 1, 5, 3, 2

85. यदि $\frac{A}{3}=\frac{B}{4}=\frac{C}{7}$, तो $\frac{A+B+C}{C}$ का मान होगा

(a) 1 (b) 2
(c) 3 (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

86- A तथा B की मासिक आय 4 : 5 के अनुपात में है तथा उनके मासिक व्यय 7 : 9 के अनुपात में हैं। यदि दोनों ₹ 50 प्रति माह बचत करते हैं, तो A की मासिक आय होगी-

(a) ₹ 400 (b) ₹ 500
(c) ₹ 512 (d) ₹ 530

87. दो संख्याएँ 5 : 6 के अनुपात में हैं। यदि दोनों से 8 घटा दिया जाए, तो वे 4 : 5 के अनुपात में हो जाती हैं, तो संख्याएँ होंगी

(a) (40, 48) (b) (15, 16)
(c) (25, 30) (d) (15, 18)

88. यदि $2x-\frac{1}{2x}=6$, तो $4x^2-\frac{1}{4x^2}$ का मान है-

(a) 38 (b) 39
(c) 40 (d) 42

89. व्यंजक $(x+y)^3+(x-y)^3$ का गुणनखण्ड है-

(a) $3x(x^2-3y^2)$
(b) $3x(x^2+3y^2)$
(c) $2x(x^2-3y^2)$
(d) $2x(x^2+3y^2)$

90. अधोलिखित भिन्नों 3/8, 3/5, 2/3, 1/2 का आरोही क्रम होगा-

(a) 3/8, 1/2, 3/5, 2/3
(b) 3/8, 1/2, 2/3, 3/5
(c) 1/2, 3/8, 3/5, 2/3
(d) 1/2, 2/3, 3/8, 3/5

91. अधोलिखित में कौन विषम संख्या है?

(a) 876321 (b) 34916
(c) 318960 (d) 387316

92. 36 किमी/घंटा की चाल से 110 मीटर लम्बी रेलगाड़ी चल रही है। उसे 132 मीटर लम्बे पुल को पार करने में लगने वाला समय है

(a) 13.2 सेकेण्ड (b) 24.2 सेकेण्ड
(c) 11.0 सेकेण्ड (d) 16.4 सेकेण्ड

93. तीन वृत्त जिनके केंद्र क्रमशः A, B, C परस्पर एक-दूसरे को बाह्यत: स्पर्श करते हैं। यदि AB = 5 सेमी, BC = 7 सेमी और CA = 6 सेमी हैं, तो A केंद्र वाले वृत्त की त्रिज्या है-
(a) 1.5 सेमी
(b) 2 सेमी
(c) 3 सेमी
(d) 4 सेमी

94. किसी त्रिभुज ABC में AB = 9 सेमी, BC = 40 सेमी तथा AC = 41 सेमी हैं, तो त्रिभुज होगा-
(a) समकोण वाला (b) अधिक कोण वाला
(c) न्यून कोण वाला (d) बराबर कोण वाला

95. निम्न प्रेक्षणों
37, 31, 42, 43, 46, 25, 39, 43, 32
की माध्यिका होगी-
(a) 37
(b) 38
(c) 39
(d) 41

96. निर्णयन से संबंधित समस्याएँ हैं-
(a) भय
(b) उम्मीदों के भय
(c) भय एवं झूठी आशा
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

97. आप एक बड़े व्यवसाय वर्ग के निदेशक मण्डल के सदस्य हैं। किसी विशेष मुद्दे पर आप मण्डल के निर्णय से सहमत नहीं हैं। आप
(a) मण्डल के समक्ष अपना दृष्टिकोण उनके विचार हेतु रखेंगे।
(b) निर्णय को स्वीकार कर लेंगे।
(c) निर्णय को अस्वीकार कर विस्तृत स्पष्टीकरण की मांग करेंगे।
(d) उच्च स्वर में अपना विरोध प्रकट करेंगे।

98. यदि $x+3y=9$, तो $(x-5)^3+(3y-4)^3$ का मान होगा-
(a) 120
(b) 100
(c) 81
(d) 0

99. यदि $x$ तथा $y$ धनात्मक पूर्णांक हैं, जो समीकरण $x^2-y^2=11$ को संतुष्ठ करते हैं, तो $x^2+y^2$ का मान होगा
(a) 11
(b) 31
(c) 61
(d) 91

100. एक घन के प्रत्येक कोर को 50% बढ़ा दिया जाता है, तो इसके पृष्ठीय क्षेत्रफल में प्रतिशतता वृद्धि है-
(a) 50%
(b) 75%
(c) 100%
(d) 125%